पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 24 ◆ रायपुर 20 जून 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

**छत्तीसगढ़ कैबिनेट फैसले** टाइगर संरक्षण, शहीद परिवारों को राहत और ब्रांड ट्रांसफर से आदिवासी महिलाओं को मिलेगा नया मौका

# शहीदों के परिवार को मिलेगी छूट, सोलर योजना को बढ़ावा, नई सोसाइटी और ट्रस्ट का गठन

रायपुर. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्यहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक के बाद इन निर्णयों की जानकारी दी। कैबिनेट की यह बैठक शिक्षा, ऊर्जा, सामाजिक कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन के क्षेत्र में अनेक ठोस फैसलों के लिए उल्लेखनीय रही।



**रामकृष्ण मिशन में 'विश्वास' संस्था का विलय:** विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल हेल्थ वेलफेयर एंड सर्विसेज' को रामकृष्ण मिशन में मर्ज किया गया।

**उद्यानिकी कॉलेज के लिए भूमि आवंटन:** बेमेतरा के बेलगांव में 100 एकड़ भूमि उद्यानिकी विभाग को दी जाएगी।

**'JashPure'ब्रांड का ट्रांसफर :** महिला समूहों के उत्पादों को राज्य शासन या CSIDC को हस्तांतरित करने की अनुमति।

**छात्रवृत्ति का विस्तार:** डिहारी कोरवा, बघेल क्षत्री, संसारी उरांव, पबिया-पविया और डोमरा समाज को अनुसूचित जाति/जनजाति के समतुल्य छात्रवृत्ति और हॉस्टल में प्रवेश मिलेगा।

सभी सुविधाएं राज्य मद से दी जाएंगी।

**सोलर प्लांट योजना:** 1 किलोवाट प्लांट पर 45,000 (30,000 केंद्र + 15,000 राज्य) सहायता।

3 किलोवाट या उससे अधिक प्लांट पर 1,08,000 (78,000 केंद्र + 30,000 राज्य) की सहायता।

2025-26 में 60,000 और 2026-27 में 70,000 संयंत्र लगाने का लक्ष्य।

योजना का संचालन CSPDCL द्वारा किया जाएगा।

**टाइगर फाउंडेशन सोसायटी का गठन :** संस्था स्वयं-वित्तपोषित होगी और पर्यावरण शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान में योगदान देगी।

स्थानीय लोगों को रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## मुख्य निर्णयों का विवरण

बैठक में छत्तीसगढ़ के सामाजिक और आर्थिक ढांचे को मजबूती देने वाले निर्णयों को मंजूरी दी गई। वंचित जातियों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और हॉस्टल सुविधा, शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को लचीलापन युक्त अनुकंपा नियुक्ति और राज्य की अक्षय ऊर्जा योजनाओं को और सशक्त करने जैसे फैसले प्रमुख रहे।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को और कारगर बनाने के लिए 1 किलोवाट से लेकर 3 किलोवाट तक के सोलर संयंत्रों पर क्रमशः 15,000 से 30,000 तक अतिरिक्त सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है, जो योजना की निगरानी और सहायता वितरण करेगी।

### आम जनता को सीधा लाभ

मंत्रिपरिषद की यह बैठक सामाजिक न्याय, ऊर्जा संरक्षण, रोजगार, शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को नई दिशा देने की दृष्टि से अत्यंत प्रभावशाली रही। इन निर्णयों से न केवल आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि राज्य के समग्र विकास को भी गति मिलेगी।

- ◆ अनुसूचित जाति-जनजाति की वंचित जातियों को छात्रवृत्ति और हॉस्टल सुविधा
- ◆ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में राज्य सरकार देगी अतिरिक्त आर्थिक सहयोग

## श्रमिक परिवारों के सशक्तिकरण और उत्थान के लिए समर्पित है हमारी सरकार - मुख्यमंत्री साय



**रायपुर ।** हम श्रमिक परिवारों के सशक्तिकरण और उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। आपका स्नेह और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और हम सब मिलकर एक विकसित, समृद्ध और सशक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप 10 में स्थान पाने वाले पंजीकृत श्रमिकों के 31 मेधावी बच्चों को दो-दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का वितरण कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत राज्य के 38 हजार 200 निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत 19.71 करोड़ रुपए से ज्यादा की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की।

मुख्यमंत्री ने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने वाले श्रमवीरों के मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार श्रमिक परिवारों की आवश्यकताओं को भली-भांति समझती है और उनके समग्र कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है।

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था को मिली नई दिशा**

# अब कोई स्कूल शिक्षक विहीन नहीं

## एकल शिक्षकीय शालाओं की संख्या में हुई 80 प्रतिशत की कमी

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ राज्य ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एक नया आयाम स्थापित किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी नीति के चलते आज प्रदेश का प्राथमिक से लेकर हायर सेकण्डरी तक कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं रह गया है। राज्य की एकल शिक्षकीय शालाओं की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी आई है।

यह परिवर्तन युक्तियुक्तकरण के माध्यम से संभव हो सका है, जिसका



उद्देश्य राज्य के शैक्षणिक संसाधनों का न्यायसंगत उपयोग, शिक्षकों की तर्कसंगत पदस्थापना और शिक्षा के अधिकार अधिनियम व नई शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप शालाओं में आवश्यकता के अनुरुप शिक्षकों की पदस्थापना रहा है । गौरतलब है कि युक्ति -युक्त करण से पर्व प्रदेश में 453 विद्यालय शिक्षक विहीन और 5936 विद्यालयों में मात्र एक ही शिक्षक पदस्थ था। विशेषकर सुकमा, नारायणपुर और बीजापुर जैसे दूरस्थ और संवेदनशील जिलों में यह समस्या अधिक थी। इस विसंगति को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने जिला, संभाग और राज्य स्तर पर तीन चरणों में शिक्षकों की काउंसलिंग की प्रक्रिया चलाई। इसके परिणामस्वरूप, आज प्रदेश का कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं है और सभी हाई स्कूलों में न्यूनतम आवश्यक शिक्षक नियुक्त किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने युक्ति- युक्तकरण के जरिये स्कूलों में शैक्षिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हमने यह ठान लिया था कि छत्तीसगढ़ में अब कोई बच्चा शिक्षक के बिना नहीं पढ़ेगा।





# ओवर रेट पर बिक रही शराब आबकारी विभाग मौन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

*भाटापारा। शासकीय देशी और विदेशी मदिरा में शराब प्रेमी लूटे जा रहे है विकास खंड के देशी और विदेशी मदिरा दुकान में निर्धारित शुल्क से प्रति पाव 10 रूपये एवं प्रति बोतल 50 रूपये अधिक तक वसूले जा रहे है*



ग्राहको के अधिक राशि लेने की शिकायत करने पर दुकान में बैठे कर्मचारी बदतमीजी करने लगते है इन सबके बीच आबकारी विभाग इस विषय पर मौन है

भाटापारा क्षेत्र में लगभग छह देशी व विदेशी शासकीय मदिरा दुकान शासन द्वारा संचालित है सभी दुकानो में शासकीय बेवरेज से शराब आती है जिसके लिए सभी शराब में शासन ने निर्धारित शुल्क दर्शित किया हुआ है जिसके आधार पर शराब का विक्रय मदिरा प्रेमियो को किया जाना है इसी के तहत जब शराब प्रेमी शासकीय दुकानो पर शराब लेने पहुचते है तो शासकीय दुकानो में काम कर रहे शासन के अनुबंधित कर्मचारी ग्राहको से निर्धारित शुल्क के बजाय प्रति पाव 10 रूपये आधा में 20 रूपये एवं प्रति बोतल 50 रूपये तक की वसूली ग्राहको से करते है ग्राहक जब अधिक राशि पर सवाल उठाते है तो अनुबंधित कर्मचारी ग्राहको से दुर्व्यवहार करते है पहले भी इस विषय पर शिकायत की जा चुकी है लेकिन जिला प्रशासन व आबकारी विभाग खाना पूर्ति कर अपनी मौन सहमति अनुबंधित कंपनी के कर्मचारियो के साथ बनाये रखती है और ज्यादा ही विरोध होने पर एकात कर्मचारियो को हटाकर अपनी जिम्मेदारियो को पूर्ण मान लेती है

" अवैध शराब को लेकर लोगो ने कई बार शिकायत दर्ज करायी की शासकीय दुकानो से अवैध शराब कोचियो को शराब दी जा रही है कई बार दुकान के आगे ही पुलिस ने अधिक मात्राा में शराब पकडी है लकिन किसी भी शराब दुकान पर कोई कार्यवाही आज तक दर्ज नही की गई है ऐसे में मदिरा प्रमियो के लूटने के अलावा कोई रास्ता नही बचता है और ओवर रेट पर शराब खरीदने ग्राहक मजबूर है मदिरा प्रेमियो ने प्रशासन से मांग की है कि निधारित शुल्क पर शराब बिक्रय की जाये और शासकीय शराब दुकानो में जो भी अव्यवस्था है उसे ठीक किया जाये ।

# स्कूल शुरू होने के बाद यातायात का बोझ बढ़ा बल बढ़ाना जरूरी





ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर में नये शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होते ही नगर के तमाम सडको पर सुबह से शाम तक यातायात का दबाव बढ गया है सैकडो की संख्या में स्कूल वाहन बस व दुपहिया चौपहिया वाहनो में बडी तादाद मे छात्र - छात्राये स्कूल आ जा रहे है फलस्वरूप सभी सडको में जाम के हालात लगातार बन रहे है इसको मददेनजर रखते हुये तथा यातायात नियमो का कडाई ये पालन कराने के दृष्टिकोण से सभी प्रमुख चौक चौराहे पर ट्रैफिक बल की तैनाती जहां जरूरी हो गया है वही बंद पडे सभी ट्रैफिक सिगनल को प्रारंभ किये जाने की भी जरूरत है ताकि तमाम छात्र छात्राओ के साथ साथ नये वाहन चालको को यातायात के नियमो का सही ढंग से पालक करने के लिए मजबूर किया जा सके वर्तमान में सर्वाधिक यातायात को लोड बस स्टैड चौक पर देखा जा रहा है लेकिन वहा पर पर्याप्त व्यवस्था नही होने से हमेशा जाम के हालात बन रहे है खासकर स्कूल लगने व छूटने के समय मे भी भारी वाहनो का निर्बाध गति से चारो तरफ आवागमन होने से हालात जटिल हो गये है जिससे लोगो को घंटो यातायात जाम मे फसकर परेशान होना पडता है इसी प्रकार का हालात सदर बाजार गोविंद चौक हटरी बाजार बस स्टैड चौक फौवारा चौक सहित अन्य चौको में ट्रैफिक बल के नही होने से अधिकत्तर समय में जाम के हालात से लोगो को जुझना पढ रहा है जनहित में भाटापारा जैसे बडे नगर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस का बल बढाये जाने की मांग लोगो ने की है

# मंडी में बरसाती मौसम के बावजूद 30 हजार से अधिक बोरा धान पहुंचा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** बरसात का मौसम शुरू होने के बाद भी प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी में धान व उन्हारी उपज की बंपर आवक का सिलसिला अनवरत जारी है बुधवार को मंडी प्रागण में 30 हजार से भी अधिक बोरा धान की आवक हुई वही मंडी में बिष्णु भोग ई नेम धान सर्वाधिक उच्च भाव 5901 रूपये प्रमि क्टिल के भाव से बिका वही श्रीराम ई नेम धान 3184 के उचे भाव में बिकने से किसान प्रसन्न चित हो गये प्रागण में एचएमटी ई नेम धान 2551 रूपये प्रति क्विटल के सम्मान जनक भाव में बिका वही महामाया ई नेम धान तथा महामाया धान 2700 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेचा गया प्रागण में उम्मीद से ज्यादा भाव में मोटा मिक्स धान भी 2035 रूपये के दर से बिक गया मंडी में गेहू की भी पर्याप्त आवक हुई और वह 2430 रूपये प्रति क्विटल के भाव पर बेचा गया मंडी में चना 5448 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेचा गया तिवरा 3596 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेचा गया वही मसूर को भी अच्छा भाव प्राप्त हुआ और यह 5000 रूपये प्रति क्विटल के भाव पर बिका बटरी 3900 रूपये प्रति क्विटल के भाव से तथा बटरी ई नेम 3861 रूपये के उचे भाव में बिका प्रागण में सरसो व धनिया की भी भरपूर आवक हुईजिसमें सरसो 5690 रूपये के उछाल भरे भाव में बिका वही धनिया 7410 रूपये प्रति क्विटल के उच्च भाव में बेचा गया इस तरह अब कृषि उपज मंडी प्रांगण मे निरंतर धान के साथ साथ उन्हारी उपज की भरपूर आवक का क्रम लगातार जारी है मंडी प्रांगण मे दूर दराज के जिलो बेमेतरा, मुंगेली, बिलासपुर, सारंगढ-बिलाईगढ, महासमुंद, चांपा जांजगीर, गौरेला पेन्ड्रा मरवाही व रायपुर सहित अन्य जिलो के दूर दराज के गांव के किसान भाटापारा मंडी मे तुरंत चुकारा प्राप्त होने तथा अच्छा खासा भाव मिलने की वजह से पहुंच रहे है।

# एफएटीएफ के निशाने पर है पाक का आतंकवाद



**भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे पाक आतंकवाद की पाठशालाओं को स्वास्थ्य केंद्रों या स्कूलों के रूप में छिपा रहा था। पाक का मकसद था कि इससे दुनिया को आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्रों का पता नहीं चलेगा और वह वैश्विक संगठनों की सजा से बच जाएगा।**

विश्व में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण पर नजर रखने वाली संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) ने भले ही अभी पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में नहीं डाला है, लेकिन उसने अंततः 22 अप्रैल को पहलगाम की क्रूर आतंकवादी हमले की निंदा की है। ऐसा करते हुए एफएटीएफ ने भारत की तार्किक दलील पर ही मोहर लगायी है जो भारत की इस विषयक सफलता को द्योतक हैं। एफएटीएफ ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि 'ऐसे घटनाक्रम बिना पैसे और आतंकवादियों के समर्थकों के बीच फंडों के स्थानांतरित करने के बगैर नहीं हो सकते।' आखिरकार भारत की यह चिर-प्रतीक्षित मांग कि पाक को आतंकवाद के पोषण के लिये कटघरे में खड़ा किया जाए, इस मांग के सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का ही संकेत हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्व जनमत को पाकिस्तान की हकीकत बताने के जो सार्थक प्रयास किए थे, भारत के सांसदों एवं अफसरों के प्रतिनिधिमण्डल को पाक को बेनकाब करने के लिये विश्व के प्रमुख देशों में भेजा, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं।

एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में किसी देश को तब तक निगरानी में रखा जाता है, जब तक कि वह अपनी वित्तीय प्रणाली में पहचानी गई खामियों, त्रुटियों, विसंगतियों को ठीक नहीं कर लेता। पाकिस्तान निरंतर आतंकवाद को पोषण एवं प्रोत्साहन देने के लिये 2022 तक ग्रे लिस्ट में था, उसी वर्ष उसे ग्रे लिस्ट से हटाया गया, बावजूद पाकिस्तान ने कोई सुधार नहीं किया है और आतंकवादियों को न सिर्फ सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध करा रहा है, बल्कि आतंकवाद के वित्तपोषण जैसे आपराधिक कामों में भी खुद को शामिल करते हुए आतंकवाद की प्रयोगशाला बना हुआ है। एफएटीएफ ने फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले की भी निंदा करते हुए ऐसे ही कठोर शब्दों का उपयोग किया था। लेकिन इस बार का अंतर यह है कि एफएटीएफ ने घोषणा की है कि 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद' इसकी आगामी रिपोर्ट में आतंकवाद के वित्तपोषण मामलों की जांच का हिस्सा होगा। दरअसल, पहलगाम नरसंहार के बाद भारत लगातार पाक को फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग करता रहा है। जो पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय ऋणों तक पहुंच को गंभीर रूप से सीमित कर देगा। दरअसल, पाकिस्तान गढ़े हुए तर्कों के आधार पर इस निगरानी संगठन एफएटीएफ को मनाने में आंशिक रूप से सफल रहा था कि वह धन शोधन और आतंकवाद वित्तपोषण से निपटने के लिये अपने सिस्टम में सुधार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रबल विरोध के बावजूद इस्लामाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय मद्रा कोष यानी आईएमएफ से एक अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल करने में कामयाबी हासिल कर ली थी। हालांकि, इस बेलआउट पैकेज के साथ कई कड़ी शर्तों का सामना भी पाक को करना पड़ेगा। यूं भी यह अन्तर्राष्ट्रीय धन का गलत एवं अतिश्योक्तिपूर्ण इस्तेमाल देरसबेर विश्व के सामने आयेगा। भारत दुनिया के देशों को यह बताने और समझाने में कामयाब रहा है कि पाक न केवल आतंकवाद का समर्थन करता है, बल्कि वह आतंकवाद का पोषक भी है और वह आतंकवाद के लिए फंडिंग भी करता है। इस तरह इसे भारत की कूटनीतिक विजय कहा जा सकता है। क्योंकि एफएटीएफ का इतना बोल्ड बयान पाकिस्तान के मुंह पर तमाचा है। एफएटीएफ की ओर से जारी आधिकारिक बयान की गहराई को समझने की जरूरत है, कि आतंकवादी हमले दुनिया भर में लोगों की जान लेते हैं, उन्हें अपंग बनाते हैं और भय पैदा करते हैं। यानि एफएटीएफ ने यह मान लिया है कि पहलगाम हमला आतंकवादी वित्त पोषण के कारण ही अमल में आया। एफएटीएफ का यह बयान भारत के लिए बहुत अहम है। ध्यान रहे कि एफएटीएफ, जी-7 देशों की ओर से स्थापित एक स्वतंत्र संस्था है, जो देशों की वित्तीय नीतियों का मूल्यांकन करती है।

ललित गर्ग

## धर्म का एक दशक

# मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

**2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है।**



जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था।

कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी। 2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है। आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए।

भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था।

यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर पर पट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किए गए, जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गए। 2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट था- भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है। इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकर्ताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर शहजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया।

- गजेन्द्र सिंह शेखावत

# सतरूपा बनी आंगनबाड़ी सहायिका संघ की अध्यक्ष

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** सतरूपा धुव दुसरी बार निर्विरोध आंगनबाड़ी सहायिका कार्यकर्ता संघ अध्यक्ष चुनी गई जिसमें सभी की सहमति से सतरूपा धुव को उनकी कार्यप्रणाली तथा सदस्यों के हित में लगातार आवाज उठाने पर सदस्यों ने दुसरी बार अध्यक्ष पद पर सुशोभित किया है इसके साथ ही पंद्रह सदस्यों जिसमें उपाध्यक्ष सचिव सह सचिव कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन सर्वसम्मति से किया गया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतरूपा धुव ने कहा कि यह सब मेरी बहनों का मुझ पर विश्वास है जिन्होंने दुसरी बार मुझे अध्यक्ष बनाया है निश्चित ही उनके हक के लिए मैं हमेशा लड़ते रहुंगी और उनके हर सुखदुख में साथ रहुंगी। मैं सभी के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। चुनाव की प्रक्रिया गायत्री मंदिर में प्रदेश पदाधिकारी की उपस्थिति में की गई शतरूपा के अध्यक्ष बनने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी है



# कांटीधरसा प्रतिक्षालय का मरम्मत कार्य जारी



*भाटापारा। रोहरा नांदघाट मार्ग पर स्थित कांटी धरसा प्रतीक्षालय का मरम्मत करने में ग्राम पंचायत कोलीहा से मुख्य चौक कांटी धरसा प्रतीक्षालय जो कि लगभग पांच साल पहले आंधी तुफान के चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके कारण आने जाने वाले ग्रामीण को मौसम की मार झेलने विवश होना पड़ता था जिसको देखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीण जन के सहयोग से मरम्मत का कार्य सुचारु रूप से चल रहा है इस कार्य मे सरपंच गीता संतोष साहू जनपद सदस्य रामजी निषाद उपसरपंच लीना ब्रम्हानन्द साहू आत्मा राम साहू सचिव गजेन्द्र यदु रोजगार साहायक रामप्रसाद साहू भगवती साहू रामचरण साहू मन्नु यादव सहित ग्रामीण सहयोग कर रहे है*

# माचाभाट में प्रवेश उत्सव संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

***भाटापारा।** शा. प्राथमिक शाला माचाभाट मे मनाया गया शाला प्रवेशोउत्सव निकटवर्ती गांव माचाभाट के प्राथमिक शाला मे शाला प्रवेशोउत्सव मनाया गया जिसमे नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया इस दौरान गणवेश वितरण के साथ न्योताभोज का आयोजन भी किया गया उक्त अवसर पर परमेश्वर यदु रामेश्वर शर्मा, विद्यालय के प्रधान पाठक श्रीमती हेमलता ध्रुव के साथ समस्त शिक्षकगण सागर ध्रुव, सुमन ध्रुव,व पालक गण बडी तादाद में उपस्थित थे*




# उपभोक्ता आयोग ने बीमा राशि देने आदेश किया पारित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** बीमा कम्पनी द्वारा बीमा धारक की मृत्यु होने के पश्चात मृत्यु बीमा की राशि नहीं देने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने बीमा कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए मृत्यु बीमा की राशि 200000 रुपये व ब्याज सहित एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक ईश्वरी प्रसाद साहू के पुत्र टिकेश्वर प्रसाद साहू का बैंक में बचत खाता था जिसमें प्रधानमंत्री बीमा योजना के अन्तर्गत 12 रुपये के सालाना प्रीमियम में 200000 रुपये का बीमा कराया गया था। आवेदक के पुत्र की मृत्यु तालाब की पानी में डूबने से हुई थी। दावा प्रस्तुत करने पर बीमा कम्पनी ने मिरगी रोग के कारण दौरा मृत्यु होने के कारण दावा निरस्त कर दिया।जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत करने पर आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्य हरजीत सिंह चावल एवं शारदा सोनी ने उभय पक्ष की सुनवाई पश्चात् इस मामले में चिकित्सक तथा अन्य साक्ष्य से यह प्रमाणित नहीं है कि मृतक को घटना के समय दौरा आया था और उसके परिणामस्वरूप वह डूब गया। चिकित्सक की राय के अनुसार दुर्घटनाजन्य मृत्यु जल में डूबने से हुई। अतः अनावेदक को अनुचित व्यापार व्यवहार एवं सेवा में कमी का दोषी मानते हुए दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड़ रायपुर को मृत्यु बीमा की राशि 200000 रुपये एव आवेदन दिनांक से आदेश दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक दर से व्याज एवं मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 10000 रुपये एवं वाद व्यय के रूप में 2,000 रुपये रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने एवं 45 दिन के भीतर अदा नहीं किये जाने पर आदेश दिनांक से 45 दिन के पश्चात से अदायगी दिनांक तक 9 प्रतिशत वार्षिक दर से व्याज प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया।

# संत कबीर साहेब की जयंती में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

## संत कबीरदास जी समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक थे- विधायक इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** संत कबीर दास साहेब की जयंती पर विधायक इन्द्र साव ने शहर और ग्रामीण अंचलों में हुए कबीर प्राकट्य महोत्सव में शामिल हो कर लोगों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि संत कबीर साहेब केवल एक महान आध्यात्मिक संत ही नहीं बल्कि समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक भी थे।श्री साव ने लोगो से उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक एकता और सद्भाव बनाएं रखने का आह्वान भी किया। नगर के हथनीपारा,मुंशी इस्माइल वार्ड,ग्राम सिंगारपुर,दामाखेड़ा और सिमगा में आयोजित कबीर जयंती के अवसर क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव शामिल हुए और उपस्थित समस्त कबीर पंथियों को आज के इस पावन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। । वे अपनी साधना के धनी, विश्वासों के राजा और अनुभूतियों के साहूकार थे। जो मार्ग उन्होंने दूसरों को दिखाया वे उसी पर चले थे और वही उनका मुक्ति मार्ग था। कबीर का जीवन दर्शन सद्विचारों की ऐसी गंगा है जिसमें डूबकी लगाकर मनुष्य का जीवन सदाचारों से महक उठता है। कबीर की वाणी कोसों दूर जन-मन तक जाती थी इसलिए वे महान संप्रेषक थे।

विधायक श्री साव ने कहा कि संत कबीर साहेब अपने अमूल्य दोहों के माध्यम से उन्होंने समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया उन्होंने अपने विचारों ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया । उनके विचारों की अलख जगाए रखने हम सभी को समाज में सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की जरूरत है।कबीर ऐसे महान चिंतक, समाज सुधारक एवं संप्रेषक थे जिन्होंने युगों-युगों की संचेतना को जागृत कर दिया। मतों- मतांतरों के भेद, रूढ़ियों और कर्मकांडों के कट्टर विरोधी कबीर मानवीय संवेदनाओं की कोमल वाणी थे।

उन्होंने समस्त मानव समाज से संत कबीर दास जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक एकता और सद्भाव को और अधिक सशक्त बनाएं जाने की अपील करते हुए उपस्थित लोगों संत कबीर दास जी के प्राकट्य दिवस की बधाई दी।

# विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन

## दानदाताओं से मिला 194 यूनिट रक्त




**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं न्यूवोको सीमेंट संयन्त्र ग्राम सोनाडीह के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में प्लांट के कर्मचारियों तथा क्षेत्र के आमजन ने रक्तदान किया जिसमें कुल 194 यूनिट रक्त की प्राप्ति हुई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार रक्तदान शिविर हेतु रक्तदान करने वाले दाताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे लोग रक्तदान हेतु आगे आए।सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा के अनुसार रक्तदान एक बड़ी समाज सेवा है क्योंकि इसके माध्यम से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है ।18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है। रक्तदान से प्राप्त रक्त से प्रसव,दुर्घटना,सर्जरी के साथ-साथ एनीमिया, सिकल सेल ,थैलेसीमिया और हीमोफीलिया के मरीजों को भी मदद मिलती है जिन्हें समय-समय पर रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है।

# अरूण छाबड़ा को छत्तीसगढ़ सिख संगठन लेडिस विंग ने किया सम्मानित




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन लेडिस विंग द्वारा सिखी स्वरूप एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 200 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया इसी कार्यक्रम में आयोजित कार्यक्रम द्वारा छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी समाज सेवी को मानव सेवा एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया है। गौरतलब है कि अरूण छाबड़ा बंटी को पूर्व में गोल्डन बूक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं कई समाज सेवी संस्थाएं , मानद उपाधि डॉक्टरेट से भी सम्मानित किया जा चुका है। नगर सिख समाज के सम्मानित सदस्य बंटी छाबड़ा नगर में नारी सम्मान,समर कैंप,पर्यावरण, सामाजिक धार्मिक साहित्यिक शिक्षा खेल-कूद सांस्कृतिक सेवाओं में लगातार बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उनके सम्मानित होने पर हरपाल सिंह भांमरा, नितिन भंसाली, दलजीत चावला, लवली अरोरा, बलजीत सिंह चावला गुरु भेज सिंह बलजीत सिंह चावला, मनमीत सिंह, रंजीत अरोरा, गुरुचरण सिंह, गुरुभेज सिंह टोनी, नीकू सलूजा, सचिन मोनू सलूजा, लेडिस विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्वेता अरोरा, रूमी सलूजा, तरण अरोरा, रूबी गांधी, गुरमीत छाबड़ा, गुरुनीश कौर , मनदीप कौर, आदि ने शुभकामनाएं दी है।

# खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन सख्त

## राजस्व,पुलिस,वन,खनिज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की जाएगी कड़ी कार्रवाई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




### जिला स्तरीय टास्क फ़ोर्स की बैठक सम्पन्न

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फ़ोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री सोनी ने जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी निगरानी एवं कार्यवाही हेतु राजस्व,पुलिस,वन,खनिज और परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 10 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक जिले के रेत खदानों से रेत निकासी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। केवल भंडारित क्षेत्र से रेत का परिवहन रायल्टी पर्ची के साथ कर सकते हैं। सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय कर ठोस कार्रवाई करें। इसीतरह गौण खनिजो के खदान का निरीक्षण एवं अवैध उत्खनन व परिवहन पाए जाने पर पट्टेधारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

बैठक में गौ ण खनिज साधारण रेत के नये खदानों को चिन्हित करने नीलामी करने, उत्खनिपट्टा स्वीकृति, गौ ण चुना पत्थर का ऑक्शन के माध्यम से आबंटन, रेत के भण्डारण अनुज्ञा पत्रों का निरीक्षण, माइनिंग सर्विलांस सिस्टम के तहत चिन्हित ट्रिगर का सत्यापन आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।

बताया गया की वित्तीय वर्ष 2024 -25 में गौण खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के 649 प्रकरणों में से 647 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के 450 मामलों में 14448370 रुपये समझौता राशि जमा कराया गया है। बैठक में वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील, सभी एसडीएम, उप संचालक खनिज प्रशासन, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन का किया गया शुभारंभ



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** बारिश के मौसम में डायरिया जैसे रोग की रोकथाम हेतु जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन 16 जून से शुरू कर दिया गया है जो 31 जुलाई तक ज़ारी रहेगा। अभियान के दौरान मरीज के परिजनों एवं बच्चों को दस्त प्रबंधन व हैंड वॉशिंग की विधि के बारे मेंजानकारी देने के साथ ही ओआरएस पाउडर एवं जिंक गोली का वितरण भी किया जाएगा।

कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वास्थ्य विभाग के साथ -साथ शिक्षा ,पंचायत, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी को समन्वय बना कर कार्य हेतु निर्देशित किया है। साथ ही किसी क्षेत्र में डायरिया की स्थिति पर तत्काल सूचना ,और रोकथाम हेतु सभी को सावधान रहने को कहा ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि 0-5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया मृत्यु का मुख्य कारण है । डायरिया पाचन से संबंधित एक संक्रामक रोग है जिसमें व्यक्ति को दस्त आना शुरू हो जाते हैं। यह दूषित पानी और भोजन के सेवन से होता है। डायरिया में व्यक्ति को लगातार दस्त आते हैं जो यदि ठीक न हो तो निर्जलीकरण का कारण बन सकते हैं जिससे जान का खतरा हो सकता है । कुपोषित, शिशुओं, छोटे बच्चों, और कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों में इस तरह के खतरनाक संक्रमण का शिकार होने का खतरा अधिक होता है। डायरिया के कुछ लक्षण हैं -पतला दस्त,पेट में ऐंठन या मतली और उल्टी,बुखार,निर्जलीकरण,भूख में कमी । समय पर उपचार न लेने से जान भी जा सकती है ।

डायरिया से बचाव हेतु साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए दूषित जल और खान-पान से बचना चाहिए । भोजन ताज़ा और आवश्यकता होने पर जल उबाल कर पीना सही रहता है । घर मुहल्ले में किसी को डायरिया के लक्षण होने पर तत्काल मितानिन तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता को सूचित करें।

# कार्यक्रम में बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा पर दिया गया जोर

ब्यूरोचीफ रतन कुमार



**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने ग्राम अंडा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम किया। जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सभापति लोमश चंद्राकर, महामंत्री पुराण देशमुख, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, मुन्ना देशमुख अतिथि रहे। जनप्रतिनिधियों ने बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम में 19 से 23 जून तक होने वाले अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के आयोजन पर भी चर्चा हुई। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इसमें सहभागिता और सहयोग देने की बात कही। शासकीय उच्च माध्यमिक शाला अंडा के प्राचार्य एसके जाम्बुलकर, परियोजना अधिकारी उषा झा, पर्यवेक्षक रेखा लोनारे, दीपिका चौहान मौजूद रहीं।

# साजा ब्लाक में निकली श्रीराम ध्वज यात्रा

## गौ माता की रक्षा और सनातन संस्कृति के संदेश के साथ गूंजा राम नाम

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

*थानखम्हरिया। 14 जून को साजा विकासखंड में श्रीराम गौ ध्वज यात्रा निकाली गई जिसने विकासखंड के अनेक ग्रामों का वातावरण भक्तिमय बनाते हुये भ्रमण किया। यात्रा का श्रीगणेश सुबह ग्राम गाड़ाडीह से तथा विश्राम रात्रि 10 बजे थानखम्हरिया में हुआ।*




समापन अवसर पर श्रीमज्ज ज्योर्तिमयानंद सरस्वती जी महाराज दंडी स्वामी ने कहा जो सद्मार्ग में चलते हैं उन्हें कंकड़ नहीं चुभते। रामकाज करने वालों को किसी प्रकार का कष्ट नहीं होता। गौ माता की रक्षा हेतु यह यात्रा निकाली गई है। हम सभी गौ माता की रक्षा का संकल्प लें। गाय में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है इसकी पूजा से सभी देवताओं की पूजा का फल प्राप्त होता है। जन्म से लेकर मृत्यु तक गौ माता हमारी सहायक होती है इस लोक में भी और परलोक में भी। पूरी यात्रा में स्वामी जी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

**संपूर्ण क्षेत्र हुआ राममय**

ग्राम गाड़ाडीह ( परपोड़ी ) में भगवान श्री राम की पूजा अर्चना आरती के साथ श्री राम गौ ध्वज यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा साजा विकासखंड के अनेक गांवों से होती हुई रात्रि में थानखम्हरिया पहुंची। यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले अनेक गांवों में इस यात्रा का ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया और यात्रा में शामिल हुए। इस यात्रा का उद्देश्य गौ माता की रक्षा, सनातन धर्म की ध्वजा फहराना, संतों देवालयों की रक्षा का संकल्प लेना, हिंदुत्व के मान बिंदुओं की रक्षा करना और पूरे विकासखंड में भगवान राम के आदर्शों और श्री रामचरितमानस के संदेशों को पहुँचाना था। यात्रा में क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ अनेक जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। यात्रा के दौरान गॉवों में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था यात्रा मार्ग में पड़ने वाले सभी ग्रामों में लोगों ने बड़े उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत किया। विधायक निवास साजा में भी यात्रा का स्वागत किया गया। पूर्व विधायक लालचंद बाजना भी यात्रा में शामिल हुये। मानस संघ साजा के ब्लॉक अध्यक्ष भारत साहू के मार्गदर्शन में यात्रा संपन्न हुई। यात्रा में अनिल सिंघानिया, नागेश्वर साहू, तोरण सिंह पटेल, रामसिंह साहू, होरीलाल पाल, रामजी साहू, सुरेश वर्मा, खिलावन साहू, ललिता साहू, लीलाधर चंद्राकर, सुरेश साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सक्रियता निभाई। समापन सत्र में पंडित ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि इस यात्रा से क्षेत्र में भक्ति का वातावरण बना है। भारत साहू के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में राम नाम की गंगा प्रवाहित हो रही है। भारत साहू ने श्रद्धालुओं में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि आप सभी की सहभागिता से यह यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अगले वर्ष जनवरी में इस यात्रा का आयोजन करने पर विचार किया जाएगा जिसे और भी व्यापक और भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

# नेवई के जन चौपाल में विधायक ललित ने लोगों की समस्याएं सुनी

ब्यूरोचीफ रतन कुमार



**दुर्ग।** मरोदा पुरैना मंडल अंतर्गत नेवई वार्ड क्रमांक 34, बूथ क्रमांक 187 में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शक्ति केंद्र स्तरीय चौपाल में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों के दौरान देश में हुए व्यापक और ऐतिहासिक परिवर्तनों, जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता और समावेशी विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। विधायक ने उपस्थित नागरिकों की समस्याएं सुनी। यथासंभव निराकरण के लिए आश्वासन दिया। कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं के समाधान करना मेरी प्राथमिकता है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, राजू राम, रोहित चंद्राकर, शेष जांगड़े, तामेश्वर साहू, भागवत बुंदेला, प्रेमलाल निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

# सांसद ने केंद्र के 11 साल की उपलब्धियों की जानकारी दी




ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**भिलाई।** भाजपा भिलाई 3 मंडल द्वारा 18 जून को पौधरोपण और संकल्प से सिद्धि पर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता सांसद विजय बघेल ने पीएम नरेंद्र मोदी के 11 साल की अवधि में विकसित भारत की दिशा में किए गए कार्यों की जानकारी दी। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने गरीबों की सेवा, वंचितों का सम्मान, किसानों का कल्याण सुनिश्चित, पीएम गरीब कल्याण सहित अन्य योजनाओं के बारे में बताया। जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू ने विकसित भारत नागरिक विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का समापन संयोजक विपिन चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सांवलाराम डहरे, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष वरूण यादव, जिला मंत्री दिलीप पटेल, डॉ. राधेश्याम वर्मा, सुष्मा जेठानी, तोरण सोनी, धनेश्वरी साहू, समीर अग्रवाल, श्यामसुंदर जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया मौलश्री के पौधे का रोपण

## थान खम्हरिया विश्राम गृह परिसर में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे सराहनीय अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' को और अधिक सशक्त बनाते हुए उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने नगर पंचायत थान खम्हरिया स्थित विश्राम गृह परिसर में मौलश्री के पौधे का रोपण किया साथ ही सांसद दुर्ग विजय बघेल और स्थानीय विधायक ईश्वर साहू ने नीम के पौधे का वृक्षारोपण किया । इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और मातृ स्मृति को समर्पित इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रत्येक नागरिक के जीवन से जोड़ने का आह्वान किया। नीम के पौधे का रोपण कर उप मुख्यमंत्री ने न केवल हरियाली को बढ़ावा दिया, बल्कि अपनी माता के प्रति श्रद्धा और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति और माँ दोनों जीवनदायिनी हैं।

यदि हम एक पेड़ माँ के नाम लगाते हैं, तो यह एक भावनात्मक और सामाजिक जिम्मेदारी दोनों की पूर्ति है। इस अवसर पर सांसद दुर्ग संभाग श्री विजय बघेल और स्थानीय विधायक श्री ईश्वर साहू ने भी वृक्षारोपण किया



इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने पौधारोपण कर इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें, जिससे भावी पीढ़ी को एक हरा-भरा और स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। इस अवसर पर पौधारोपण के साथ ही विश्राम गृह परिसर की साज-सज्जा एवं स्वच्छता को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए, जिससे यह स्थल एक पर्यावरणीय आदर्श स्थल बन सके।

# हमें देश की एकता, अखंडता, संमृद्धि के लिए काम करना है - कुलश्रेष्ठ

**ब्यूरोचीफ रतन कुमार**

**भिलाई।** भारत विकास परिषद की दुर्ग इकाई की ओर से वर्तमान भारत के सामने चुनौतियां एवं समाधान, एक राष्ट्रवादी दृष्टिकोण पर व्याख्यान हुआ। इसमें राष्ट्रवादी चिंतक, लेखक एवं वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि एक राष्ट्रव्यापी दृष्टिकोण के तहत हमें देश की एकता, अखंडता और समृद्धि को बढ़ावा देने काम करना चाहिए। हमें अपनी संस्कृति, इतिहास और मूल्यों को संरक्षित और प्रोत्साहित करना चाहिए राष्ट्र के युवाओं को धर्म-कर्म और अपने नैतिक जिम्मेदारियां के प्रति सजग होना होगा। आज भी देश में देखें तो कई हिस्से इससे अछूते रह गए हैं। देश का समुचित विकास करना है, तो देश की सभी पहलुओं जैसे औद्योगिक, व्यवसाय, सामाजिक और धार्मिक जैसे सभी मुद्दों को ज्वलंत करते हुए उसे पर अपनी कार्यशैली को विस्तृत आयाम देना होगा। केवल कागजों पर कार्य नहीं होना चाहिए। कार्य का स्वरूप धरातल पर दिखना चाहिए। सभी धर्मों के प्रति अपने दृष्टिकोण को वास्तविक बनाएं। जो धर्म जैसा है उसे उसी रूप में स्वीकार करें। तभी देश का वास्तविक विकास संभव होगा। कार्यक्रम में पूर्व विस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, मेयर अल्का बाघमार, विधायक ललित चंद्राकर, चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, प्रदेश मंत्री अशोक राठी, दुर्ग अध्यक्ष अनूप गटागट आदि उपस्थित थे।






*नवउदय प्रकाशन भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित श्री माखन लाल चतुर्वेदी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सम्मान समारोह*

# श्री कामता प्रसाद यादव, सिद्धबाबा निवासी भाटापारा, का हुआ भव्य सम्मान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा- नवउदय प्रकाशन द्वारा भोपाल शहर मध्यप्रदेश में श्री माखन लाल चतुर्वेदी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सम्मान समारोह में श्री कामता प्रसाद यादव, श्री मदन लाल कुलदीप भाटापारा छत्तीसगढ़. का उनके हारमोनियम संगीत, तबला वादन की संगीतमय सांस्कृतिक यात्रा के लिये भव्य स्वागत व सम्मान किया गया । इस अवसर पर श्री कामता प्रसाद यादव एवं श्री मदन लाल कुलदीप,(से. नि. प्राचार्य)द्वारा ' छत्तीसगढ़ की राजकीय गीत ' अरपा पैरी के धार ' का सुन्दर सुस्वर और हारमोनियम एवं तबला के साथ प्रस्तुति भी दी। श्री कामता प्रसाद यादव सिमगा के डाक विभाग में में पोस्टमास्टर है तथा मदनलाल कुलदीप (से. नि प्राचार्य) है जो सिद्धबाबा भाटापारा में निवास करते हैं।

# युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश सरकार का चल रहा है खेला- विधायक इंद्र साव

## विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने बी ई ओ कार्यालय का किया घेराव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश सरकार बहुत बड़ा खेला कर रही है शिक्षक विहीन और अतिशेष के नाम पर शिक्षा विभाग में अधिकारियों को सामने रख कर तानाशाही पूर्वक भाजपा सरकार मनमानी की सारी हदे पार कर दी है। शिक्षा विभाग बिगड़े सांड की तरह हो गया है जो किसे के भी काबू में नहीं आ रहा है। उक्त बाते विधायक इंद्र साव ने ब्लाक कांग्रेस के द्वारा आयोजित बी ई ओ कार्यालय का घेराव के दौरान कही। विदित हो कि प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया है और इस आह्वान के बाद सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में ब्लाक



शिक्षा कार्यालय का घेराव का नारेबाजी की गई इस दौरान विधायक इंद्र साव ने कहा कि शिक्षको और छात्रों के हित में कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ने तैयार है, भाजपा सरकार प्रदेश में पाठशाला बंद कर मधुशाला खोलने में आतुर नजर आ रही है ऐसे सरकार के तुगलकी फरमान को कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और शिक्षकों,बच्चों और उनके पालकों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा आगे रहेगी।

विधायक श्री साव ने आगे कहा कि युक्तियुक्त करण के नाम पर किसी को भी कही खदेड़ा जा रहा है स्कूल की व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ने का खेल शिक्षा विभाग में चल रहा है। शिक्षा विभाग में सरकार की बनाई नीति 2008 का खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षक विहीन और शिक्षक अतिशेष में भी अंतर नहीं कर पा रहे है। इस अवसर पर राकेश वर्मा, सतीश अग्रवाल,राजकुमार शर्मा,सुशील शर्मा, अरुण यादव, अलोक मिश्रा, दिवाकर मिश्रा, नवीन बक्श, नितिन शुक्ला,मुकेश हेंवार, विक्की सिंह ठाकुर, सत्यजीत शेंडे, हरीश लहरे,गिरिराज चावड़ा व अनेक कांग्रेसी उपस्थित रहें।



# सैकड़ों महिलाएं एवं कार्यकर्ता सांसद निवास पहुंचे बधाई देने

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** श्रीमती रजनी विजय बघेल के जन्मदिन पर सुंदरकांड पाठ एवं पूजा अर्चना कर मनाया गया। बधाई शुभकामनाएं देने उमड़े कार्यकर्ता दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल जी की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल के जन्मदिन के अवसर पर थान खमरिया से स्वसहायता समूह की सैकड़ो महिलाएं व कार्यकर्ता जन प्रतिनिधि संकट मोचन हनुमान मंदिर बधाई देने पहुंचे।



इस अवसर पर थान खमरिया स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम श्री राम सेवा संघ परिवार साजा अध्यक्ष गोपाल वर्मा के द्वारा आचार्य पंडित कान्हा जी एवं देव जी महाराज के मुखारविंद से सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा पाठ व हनुमान जी का अभिषेक और साथ में महा भंडारा का आयोजन कार्यक्रम सेक्टर 9 भिलाई में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में साजा क्षेत्र से सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया।



वह इस अवसर पर राजस्थान से पधारे संत भारत भाई जी का सांसद महोदय के द्वारा पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। उन्हें श्री फल साल भेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन श्री राम सेवा संघ के अध्यक्ष गोपाल वर्मा, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष तोसु सिंह वर्मा थे। इस मौके पर नीलम चंद्राकर सभापति, जिला पंचायत सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकार दुर्ग, दिव्या कलिहारी, जय श्री राजपूत, राजू कश्यप, पोषण वर्मा सहित बड़ी संख्या में मंदिर समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

> *"ऐसे ही सुबह से बधाई देने वाले कार्यकर्ताओं को सांसद निवास में ताता लगा रहा। कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, अनिल सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, सरपंच गिरधारी निर्मलकर खपरी,स्व सहायता समूह की प्रमुख संतोषी कुंभकार, पार्वती सिन्हा द्वारा 25 किलो गज माला से स्वागत किया गया।*



# पीएम मोदी के 11 साल बेमिसाल जन-जन तक पहुंचाएं- विधायक ईश्वर साहू



केंद्र सरकार के सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम को लेकर उपलब्धियां गिनाई गई। कल रविवार को दोपहर विश्राम गृह में साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, महामंत्री राजेश ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, जिला पंचायत सभापति परमेश्वर वर्मा के सानिध्य में कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रचलित कर, तिलक लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी जिंदाबाद के नारों से हाल गूंज उठा। अतिथियों ने नरेंद्र मोदी के 11 साल बेमिसाल पर प्रकाश डाला। विधायक ईश्वर साहू, ओमप्रकाश जोशी, परमेश्वर वर्मा, अनिल सिंघानिया ने सभा को संबोधित किया। केंद्र सरकार के सेवा गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल की उपलब्धियां की जानकारी दी। भाजपा मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल की विकसित भारत कार्यक्रम संपन्न हुआ। विधायक ईश्वर साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष विकास कार्यों के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा देश में केंद्र सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है।

भारतीय जनता पार्टी श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेई के विचारधारा पर चल रही है। आज भारतवर्ष टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बहुत ही आगे है। नई रेलवे पुल, ट्रेन नेशनल हाईवे, आवास, शौचालय, विदेश से भी बेहतर काम कर रही है। प .ओमप्रकाश जोशी ने अपने संबोधन में मोदी सरकार के सेवा सुशासन गरीब कल्याण संकल्प से 11 साल बेमिसाल की प्रशंसा की। आगे आपने कहा 11 साल में मोदी के नेतृत्व में शासन काल में भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बना मोदी सरकार में प्रत्येक परिवार को किसी न किसी योजनाओं का लाभ मिला है।

पूर्व मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास सिर्फ निर्माण नहीं भरोसे का बुनियाद है।सालों में गरीब कल्याण पीएम, आवास योजना, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, सौभाग्य योजना, मुद्रा योजना आदि योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया गया। जिसे हमारे कार्यकर्ताओं ने जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर राजपूत, आभार प्रदर्शन आदर्श जोशी ने किया। इस मौके पर युवराज साहू, दौलत नाथ योगी, मनीष , लोकनाथ पटेल, पूरण कश्यप, चेतन सिन्हा, कुश कश्यप, संतोष देवांगन, रोहित सिंह भारती, सेवा राम साहू, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एडीईओ भर्ती परीक्षा में 5491 अभ्यर्थी हुए सम्मिलित



**बलौदाबाजार।** व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) भर्ती परीक्षा 15 जून 2025 को जिले में सम्पन्न हुई। भर्ती परीक्षा हेतु जिले में कुल 26 केंद्र बनाए गये थे जिसमें 5491 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 2415 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर ने बताया कि एडीईओ भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन प्रथम पाली में प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 12 ॰15 बजे तक किया गया। परीक्षा के लिए कुल 7906 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। परीक्षा एक ही पाली में आयोजित था जो शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई।

## 15अगस्त तक मत्स्य आखेट प्रतिबंधित, उल्लंघन पर 10 हजार जुर्माना

**बलौदाबाजार।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु के रुप में घोषित किया गया है। जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों में नहीं है के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक मत्स्याखेट पूर्णत: निषिद्ध रहेगा। छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

## श्रीराम गौध्वज यात्रा संपन्न



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया-** मानस संघ ब्लॉक साजा द्वारा एकदिवसीय श्रीराम गौध्वज यात्रा का आयोजन किया किया गया, जिसका शुभारम्भ ग्राम गाड़ाडीह(परपोड़ी) सें हुआ जो साजा ब्लॉक के विभिन्न ग्रामो सें होता हुआ थान खम्हरिया मे विश्राम हुआ। जिसके मुख्य अतिथि श्रीमज्ज्योर्मयानन्द सरस्वती जी महराज ( दण्डी स्वामी) सलधा जी एवं मान. श्री ईश्वर साहू विधायक साजा के सानिध्य मे निकली एवं पूरी यात्रा मे श्रद्धांलुओं के द्वारा अपने -अपने गाँवो यात्रा के स्वागत हेतू पंडाल लगाकर महराज जी की मुखारविंद सें आशीर्वचन लिया महराज जी ने गौ रक्षा, धर्मान्तरण पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा की गौ माता के शरीर मे तैतिस कोटि देवता का वास होता है। अध्यक्ष श्री भरत साहू ने यात्रा के महत्व के बारे मे बताया की यह आयोजन का द्वितीय वर्ष है जो ब्लॉक के सभी मानस मण्डलीयों के सहयोग सें निकाला जाता है जिसे पुरे ब्लॉक मे भ्रमण कराया जाता है जो की सभी की सुख समृद्धि का प्रतिक है, एवं जन-जन तक रामचरित मानस का प्रचार हों तथा जीवन मे उतारने का प्रयास करें।

यात्रा मे साजा पूर्व विधायक श्रीलाभचंद बाफना जी उपस्थित रहे। तथा सभी मण्डलीयों को इस कार्यक्रम के लिए सराहना करते हुये कहा की ऐसे कार्यक्रम सें सनातन धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक बताया। यात्रा मे पं. श्री ओमप्रकाश जोशी ( पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ),श्री अनिल सिंघानिया (संरक्षक), श्री रामसिंह साहू (सलाहकार ),श्री तोरन पटेल ( सलाहकार),श्री होरीलाल पाल ( सचिव),श्री रामजी साहू ( कोषाध्यक्ष), सुरेश वर्मा ( सलाहकार), खिलावन साहू ( सलाहकार), श्रीमती ललिता साहू (अध्यक्ष महिला कार्यकारिणी),श्री लीलाधर चंद्राकर (अध्यक्ष शक्ति के. 01),श्री सुरेश साहू ( अध्यक्ष शक्ति के. 03), श्री राजेंद्र पटेल ( अध्यक्ष शक्ति के. 08) आदि उपस्थित रहे।

# 21 जून को रायपुर में होगा 57,000 शिक्षक भर्ती को लेकर विशाल प्रदर्शन

## प्रशिक्षित डीएड-बीएड, कला-विज्ञान, व्यायाम एवं लाइब्रेरियन संघ संयुक्त मोर्चे पर



राज्य के प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड अभ्यर्थियों की बहुप्रतीक्षित 57,000 शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर अब आंदोलन निर्णायक मोड़ पर पहुँच गया है। इसी संबंध में बीते दिवस छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड बीएड संघ, कला एवं विज्ञान संकाय कल्याण संघ, लाइब्रेरियन संघ, एवं व्यायाम शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की, प्रेस वार्ता में डीएड बीएड संघ प्रदेश अध्यक्ष दाऊद खान, प्रदेश सचिव ललित कुमार साहू, प्रदेश संयोजक श्रवण कुमार साहू, कला एवं विज्ञान कल्याण संघ से प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर यादव, अरविंद आर्य, देवराज जंघेल व्यायाम संघ से करण साहू, लाइब्रेरियन संघ से धीरज साहू उपस्थित रहे।

संघ प्रमुखों ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र ही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई तो 21 जून को रायपुर में एक विशाल और निर्णायक प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन प्रदेश सरकार को चेताने और योग्य बेरोजगार शिक्षित युवाओं की आवाज़ को बुलंद करने का कार्य करेगा। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्य में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए शिक्षक नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया लंबित है, जिससे हजारों युवा हताश हैं। अब समय आ गया है कि सरकार सकारात्मक निर्णय ले।

57000 शिक्षक भर्ती का वादा, लेकिन अब खामोशी क्यों? प्रदेश अध्यक्ष दाऊद खान ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत 57000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा में 33000 शिक्षकों की भर्ती एक वर्ष में पूर्ण करने की घोषणा की थी। लेकिन डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो प्रक्रिया शुरू हुई, न ही कोई ठोस घोषणा आई। मुख्यमंत्री की 5000 पदों की घोषणा को युवाओं ने ऊंट के मुंह में जीरा बताया।

### सेटअप से पद खत्म कर रहे हैं, तो भर्ती कहाँ होगी?

कला एवं कल्याण संघ के कामेश्वर यादव ने आरोप लगाया कि सरकार 2008 के सेटअप में बदलाव कर रही है, जिससे भविष्य की भर्तियों की संभावनाएं समाप्त हो जाएंगी। यदि खाली पद ही नहीं बचेंगे, तो सरकार किस पर भर्ती करेगी? यह नीति युवाओं के साथ सीधा विश्वासघात है।

### प्रदेश के प्रशिक्षित बेरोजगारों को किया आहाव्हन

*सचिव ललित कुमार साहू ने प्रदेश के प्रशिक्षित बेरोजगारों को आहाव्हन किया कि अपनी मांगो को लेकर वे सभी रायपुर पहुंचे और एक साथ अपनी आवाज बुलंद करें।*

*बेमेतरा जिले से भी सैंकड़ों की संख्या में शामिल होंगे आंदोलनकारी इस विशाल प्रदर्शन में संघ के बेमेतरा जिलाध्यक्ष दीनबंधु साहू, कैलाश साहू,सुखदेव गायकवाड़, प्रदीप पाठक, पुरूषोत्तम ध्रुव, परमेश्वर पटेल, रूपसिंह पटेल, रवि दुबे, किशोरी साहू दिलेश्वर वर्मा, तारण साहू, डाकवर साहू,हेमराज साहू, संतोष अंचल,राजकुमार, लोकेंद्र , अजय साहू उपस्थित सहित जिला के सैंकड़ों डीएड-बीएड प्रशिक्षित युवा युवती सम्मिलित होंगे।*

# राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्यों को 30 जून तक कराना होगा ई-केवायसी

**बलौदाबाजार।** भारत सरकार, उपभोक्ता मामले,खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना अंतर्गत सभी हितग्राहियों का आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। राशन कार्डो में पंजीकृत सभी सदस्य जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जून 2025 तक अपना ई- केवायसी पूर्ण कराना होगा। खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत 379636 राशनकार्ड प्रचलित हैं। इन राशनकार्डो में 1308413 सदस्य पंजीकृत हैं जिसमें से 1166187 सादयो का ई- केवायसी पूर्ण हो गया है और 142226 का शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई- केवायसी में छूट दिया गया है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई -पॉस मशीन में ई- केवायसी सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई- केवायसी एप्प के माध्यम से भी ई- केवायसी कर सकते हैं।

# लालपुर शराब दूकान में मिली मिलावटी शराब



**रायपुर.** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. लालपुर के शराब भट्टी में टीम ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में मिलावटी शराब पकड़ी है. साथ ही मौके से 20 से अधिक बिना होलोग्राम के गोवा ब्रांड की शराब बरामद की गई है. मामले में मास्टरमाइंड सुपरवाइजर शेखर बंजारे समेत 3 फरार हैं. वहीं तीन सैल्समैन को भी हिरासत में ले लिया गया है. जानकारी के मुताबिक, आबकारी विभाग की उड़नदस्ता टीम ने रायपुर के लालपुर स्थित कंपोजिट शराब भट्टी में शुक्रवार को दबिश दी. छापा मारने के दौरान 203 पेटी मिलावटी शराब बरामद की गई है. कार्रवाई में बिना होलोग्राम के गोवा ब्रांड की 26 पेटी शराब भी जब्त की गई है. बताया जा रहा है कि गोदाम के नीचे की लेयर में मिलावटी शराब को रखा गया था, जबकि ऊपर की लेयर में सही शराब पेटी को रखा गया था. इस मामले में मास्टरमाइंड सुपरवाइजर शेखर बंजारे और तीन सैल्समैन को आरोपी माना गया है. फिलहाल पूछताछ के बाद अन्य तीन सैल्समैन को हिरासत में लिया गया है. आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियमों के तहत कार्रवाई की तैयारी है. सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि लालपुर शराब भट्ठी से 203 पेटी मिलावटी शराब ज़ब्त किया गया है. गोवा ब्रांड की शराब में पानी मिलाया गया है. मामले में आगे की कार्रवाई जारी है. आबकारी अधिकारी ने बताया कि मुनाफाखोरी और ओवर रेटिंग को बंद कर दिया गया है।

# निगम कर्मचारी को चाकू मारा, तीन आरोपी पकड़ाए

ब्यूरोचीफ रतन कुमार



**भिलाई।** पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत मॉर्निंग वॉक पर निकले दुर्ग निगम कर्मी पर तीन युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने कर्मी से शराब के लिए पैसे मांगे। इंकार करने पर हमला करके फरार हो गए। घायल को मेकाहारा अस्पताल रायपुर रेफर कर दिया गया। शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों कसारीडीह, देवारपारा निवासी वंश जोशी उर्फ बाबा, फोकटपारा निवासी गिरधर कुर्रे पिता बउवा कुर्रे और रामनगर निवासी सूरज बंजारे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले में पद्मनाभपुर निवासी पी. सूर्य नारायण ने रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि उसका भाई पीए. राव दुर्ग निगम में वाहन चालक है। मंगलवार सुबह लगभग 4.30 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए निकला था तभी आरोपियों ने हमला कर दिया।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने थान खम्हरिया में ली प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## वि.स. साजा अंतर्गत निर्माण कार्यों की प्रगति पर जताई चिंता, अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थान खम्हरिया।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने थान खम्हरिया प्रवास के दौरान विश्राम गृह में प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय विकास कार्यों, विशेष रूप से थान खम्हरिया नगर पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक मे सांसद दुर्ग संभाग विजय बघेल और साजा विधायक ईश्वर साहू उपस्थित थे

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत क्षेत्र में अधूरे पड़े कार्यों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देशित किया कि अधूरे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रारंभ कर समय-सीमा में पूर्ण किया जाए ताकि स्थानीय नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उनका समय पर क्रियान्वयन हो। जनता के हित में चल रहे विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में नगर पंचायत के स्वच्छता, पेयजल, सड़क मरम्मत और अधोसंरचना संबंधी विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में उन्होंने पंचायत क्षेत्रों में भी चल रहे विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए पंचायत सचिवों और जनपद अधिकारियों को फील्ड विजिट बढ़ाने और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, स्वच्छता, पंचायत भवन निर्माण जैसे कार्यों को गति दी जाए ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उनका समयबद्ध क्रियान्वयन होगा। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसएसपी रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, जनपद सीईओ, नगर पंचायत के अधिकारी, पीडब्ल्यूडी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित फील्ड विजिट करें और कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करें।




### भिलाई में ब्लैकमेलिंग का शर्मनाक मामला

# अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला से वसूले 2 करोड़, दंपति गिरफ्तार..

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

भिलाई। भिलाई में ब्लैकमेलिंग का शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां एक विवाहित महिला को अश्लील वीडियो के नाम पर धमकाकर आरोपी दंपति ने दो करोड़ से ज्यादा की रकम वसूल ली।



पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है

यह सनसनीखेज मामला भिलाई के वैशाली नगर थाना क्षेत्र का है। एक पीड़ित दंपति ने 13 जून 2025 को थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि निलिमा यादव उर्फ निलम लहरे और उसके पति आनंद ने उनका अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें और परिवार को बदनाम करने की धमकी दी। दबाव बनाकर दोनों ने पीड़ितों से करीब दो करोड़ रुपए ठग लिए। पीड़ित ने मोबाइल चैट, वॉयस रिकॉर्डिंग और अनुबंध पत्र जैसे सबूत भी पुलिस को सौंपे। मामले की गंभीरता को देखते हुए वैशाली नगर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में निलिमा ने स्वीकार किया कि उसने अपने पति के साथ मिलकर वीडियो बनाया और सुनियोजित तरीके से ब्लैकमेल कर मोटी रकम वसूली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने उनके बैंक लॉकर से 16,45,000 रुपए नकद, 80 लाख से ज्यादा के जेवर, 25 लाख की एफडी, 35 लाख का बंगला, दो बाइक और एक XUV वाहन (कुल 8 लाख कीमत), 100 डॉलर, फर्जी सिम और तीन मोबाइल फोन बरामद किए।

इस कार्रवाई में कुल 1,65,02,200 रुपए का कैश और सामान जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# श्रीराम ध्वज यात्रा का विधायक निवास में हुआ औपचारिक निमंत्रण, तैयारियों में दिखा उत्साह

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** मानस संघ साजा के तत्वावधान में दिनांक 14 जून 2025 को आयोजित होने वाली ब्लॉक स्तरीय श्रीराम ध्वज यात्रा की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस पावन आयोजन हेतु 8 जून को संघ के अध्यक्ष श्री भरत साहू के नेतृत्व में पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल विधायक निवास पहुंचा, जहां साजा विधायक ईश्वर साहू ने सादर निमंत्रण स्वीकार करते हुए अपनी सहमति प्रदान की।

इस भव्य यात्रा में अनेक संत-महापुरुष एवं जनप्रतिनिधि विशेष रूप से सहभागी होंगे। प्रमुख अतिथियों में दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज जी (सलधा आश्रम), सांसद विजय बघेल,



सांसद संतोष पांडे (राजनांदगांव लोकसभा), विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना तथा पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी का शुभागमन सुनिश्चित हुआ है। ये सभी श्रद्धेय अतिथि भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

यात्रा गाड़ाडीह (पड़पोड़ी) से प्रारंभ होकर गाजे-बाजे, धर्म ध्वज तथा सैकड़ों श्रद्धालु कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न ग्रामों से होती हुई ग्राम पतोरा में समापन को प्राप्त होगी। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अनेक सामाजिक और धार्मिक संगठन इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

श्रीराम ध्वज यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कृति संरक्षण और जनचेतना का अद्भुत संगम बनेगी। क्षेत्र में राममय वातावरण निर्मित करने की दिशा में यह एक सशक्त पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन एवं नवनियुक्त प्राधिकृत अध्यक्षों का सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** जिला स्तरीय सहकारिता सम्मेलन एवं वृक्षारोपण सम्मान समारोह ग्राम हसदा जिला बेमेतरा में सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा के तत्वावधान में जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन एवं नवनियुक्त प्राधिकृत अध्यक्षों का सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया समिति के पदाधिकारियो ने शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर सांसद का स्वागत किया सांसद विजय बघेल ने सभी किसानों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, अध्यक्षता दिपेश साहू विधायक बेमेतरा, विशिष्ट कल्पना योगेश तिवारी अजय जिला पंचायत बेमेतरा अतिथिगण अवधेश सिंह चंदेल प्रदेश मंत्री भाजपा, प्रीतपाल बेलचंदन पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग, रेखा पोषण सिन्हा जनपद सदस्य बेरला, नरेंद्र वर्मा,नथमल कोठारी, प्रकाश वर्मा, संध्या परगनिहा, रेखा सिन्हा जनपद सदस्य,मीनू पटेल सरपंच, यशवंत वर्मा, पोषण वर्मा, ओमप्रकाश पाण्डेय, दिपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे छोटे छोटे किसान सेवा सहकारिता के अध्यक्ष बने हैं सभी का मैं सम्मान करता हूं हमारी भाजपा की सरकार में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव जी की सोच है कि छोटे से छोटे किसानों को सम्मान मिले आने वाले समय किसानों को बीज जैसी कोई भी समस्या के लिए भटकना ना पड़े हम सेवा और समाधान के लिए बने हैं चाहे लोन हो बीज का हो सभी का समाधान किया जायेगा हमारा दायित्व है पानी और बीज खाद आप तक पहुंचे किसानों को कृषि से सम्बन्धी कोई भी दिक्कत ना हो किसानों के हित में हम सभी को कार्य करना है संगठन के काम में भी ऐसे ही आप सभी की उपस्थिति रहें आप सभी अपने दाईत्व का निर्वहन करें सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा सेवा सहकारी नाम रखे हैं हमारे भुईयां के देवता किसान है सोसायटी के माध्यम से सम्मान समारोह का आयोजन होना हम सभी के लिए गौरव की बात है अटल बिहारी बाजपेई जी के हाथों सम्मानित हुए हमारे प्रितपाल बेलचंदन जी सहकारिता के अलख जगाने वाले सहकारिता ऐसी शक्ति है मुझे भी डॉ रमन सिंह जी के शासन काल में ने मुझे भी जिम्मेदारी दी गई थी मोदी जी ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह जी सहकारिता की जिम्मेदारी है आप अपने आप को कभी कमजोर मत समझो आप को कोई झुका नहीं सकता आप के उपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है सरकार का सरक्षण करना मैं विदेश ब्राज़िल में गया था वह देखा तीन हजार रुपए है युरीया और हमारे छत्तीसगढ़ में कितना आप को है समझना है किसानों को समझाओं विदेशों में आसमान छू रहा भाव ये हम सभी को किसानों को समझना है आज किसान खुशहाल हैं आप को बताना है अस्सी प्रतिशत सोसायटी के माध्यम से पहुंचता है पंचगण ग्राम पंचायत नेवनारा,देवादा,सांकरा, के किसान ग्रामवासी अत्यधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ करने वाला आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

**भाटापारा।** दिनांक 16.06.2025 को प्रार्थिया के परिजनों द्वारा थाना सुहेला में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 09.06.2025 को पढ़ाई के दौरान स्कूल में प्रार्थिया की नाबालिग पुत्री के साथ परीक्षा में पास कराने की बात कहते हुए, शिक्षक शैलेश वर्मा द्वारा छेड़छाड़ किया गया है। पुत्री द्वारा डर के मारे पहले यह बात किसी को नहीं बता पाई थी, फिर दिनांक 14.06.2025 को हिम्मत करके उक्त घटना की जानकारी अपने परिजनों को दिया गया। कि रिपोर्ट पर थाना सुहेला में अपराध क्र. 127/2025 धारा 74 बीएनएस, 9C, 10 पाक्सो एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा प्रकरण के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी सुहेला को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना सूहेला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी शिक्षक शैलेश कुमार वर्मा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थिया की नाबालिग पुत्री के साथ स्कूल में छेड़छाड़ करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 17.06.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



आरोपी- शैलेश कुमार वर्मा उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम झीपन थाना सुहेला

# फाइनेंस कर्मी ने दी जान से मारने की धमकी, शिकायत

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**अहिवारा।** नंदिनी थाना अंतर्गत टाउनशिप निवासी रामपाल नाविक ने फाइनेंस कंपनी की गुंडागर्दी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। प्रार्थी रामपाल ने बताया कि उसने एक कार फाइनेंस कंपनी से फाइनेंस कराई है, जिसकी वह हर महीने की किस्त अदा करता है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण जून की किस्त समय से जमा नहीं कर पाए। इसकी जानकारी उन्होंने कंपनी के कर्मचारी को दी थी, जिसके बाद वसूली के लिए कंपनी के अन्य कर्मचारी घर घुसकर किस्त देने दबाव बनाने लगा। जब तुरंत किस्त देने से मना किया तो कर्मचारी ने गाली-गलौच के साथ जान से मारने की धमकी दी। रामपाल ने कलेक्टर और एसपी से शिकायत कर न्याय की मांग की है।

# मुख्यमंत्री ने सुशासन वाटिका का किया शुभारंभ

## मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ सुशासन वाटिका में किया मौलश्री के पौधे का रोपण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज यहां भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर में आयोजित चिंतन शिविर 2.0 के पहले दिन की शाम आईआईएम परिसर में सुशासन वाटिका का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ सुशासन वाटिका में मौलश्री के पौधे का रोपण किया।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के साथ सुशासन वाटिका में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव व श्री विजय शर्मा, वनमंत्री श्री केदार कश्यप, वित्त श्री ओपी चौधरी, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम , खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार कांकाणी ने भी मौलश्री का पौधा लगाया।

### मौलश्री वृक्ष की विशेषताएँ

मौलश्री एक सुगंधित फूलों वाला वृक्ष है जो भारतीय उपमहाद्वीप, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाता है। यह एक सदाबहार वृक्ष है जो सामान्यतः 10-15 मीटर तक ऊँचा होता है। इस के फूल छोटे, सफेद या हल्के पीले रंग के, अत्यंत सुगंधित होते हैं। रात के समय इनकी महक और भी तेज होती है। मौलश्री वृक्ष के औषधीय गुण भी होते हैं और इसका उपयोग कई तरह की समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है। पारंपरिक रूप से इसे मंदिरों के आसपास और घरों के आंगन में लगाया जाता रहा है।

## मुख्यमंत्री ने चिंतन शिविर 2.0 के दूसरे दिन योग से की दिन की शुरुआत

मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ विभिन्न आसनों का किया अभ्यास

**रायपुर** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नवा रायपुर परिसर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ योगासन कर चिंतन शिविर 2.0 के दूसरे दिन की शुरुआत की। उन्होंने योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत करता है और हमें प्रकृति के अधिक समीप लाता है। यह योगाभ्यास न केवल एक प्रेरणादायक पहल थी, बल्कि प्रदेश में स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का भी सशक्त संदेश था। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ इस योग सत्र में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, वन मंत्री श्री केदार कश्यप,



उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा तथा आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. रामकुमार काकानी भी शामिल हुए।

## सुशासन की नई परिभाषा गढ़ता चिंतन शिविर 2.0: तकनीक और नवाचार से गुड गवर्नेंस की राह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज को और अधिक प्रभावी एवं जन-हितैषी बनाने के उद्देश्य से भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर में चिंतन शिविर 2.0 का आयोजन किया गया। इस शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने के नवाचारों और सुशासन की आधुनिक तकनीकों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रीमंडल के सहयोगियों ने विषय विशेषज्ञों के साथ सुशासन के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए। चिंतन शिविर के अंतिम दिन प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के



सदस्य श्री संजीव सान्याल ने आर्ट ऑफ गुड गवर्नेंस विषय पर व्याख्यान देते हुए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, राज्य की क्षमताओं में वृद्धि करने, अनावश्यक नियमों को हटाने तथा सरकारी एजेंसियों के पुनर्गठन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकारें अपने नीति-निर्धारण और कार्यान्वयन की गुणवत्ता को कैसे अधिक प्रभावी बना सकती हैं।

डिजिटल हेल्थ विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने डिजिटल स्वास्थ्य तकनीकें और सुशासन के सम्बन्ध में बताया कि डिजिटल हेल्थ टेक्नोलॉजीज दूरदराज और पिछड़े क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम हैं। उन्होंने ई-हेल्थ रिकॉर्ड्स, टेलीमेडिसिन, मोबाइल हेल्थ ऐप्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के उपाय बताए।



## बौखलाकर नक्सली इस तरह की कायराना करतूत को अंजाम दे रहे है

# छत्तीसगढ़ से माओवादियों का अस्तित्व ही समाप्त कर देंगे

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आईईडी ब्लास्ट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के शहीद होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किये गये आईईडी विस्फोट में एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के शहीद होने की सूचना मिली।



यह अत्यंत ही दुःखद है। मैं उनकी शहादत को नमन करता हूं। सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा एक बड़ी लड़ाई लड़ी जा रही है। सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है। इसी से बौखलाकर नक्सली इस तरह की कायराना करतूत को अंजाम दे रहे हैं। नक्सलियों को इसका परिणाम भुगतना होगा।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया जायेगा। नक्सलियों के इस कायरतापूर्ण हमले में कुछ अन्य अधिकारी और जवानों के भी घायल होने की खबर है। जिला प्रशासन और पुलिस के अफसरों को घायल एसटीओपी, टीआई सहित अन्य को समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। वहीं मुख्यमंत्री साय ने उच्च अफसरों से पूरे मामले की जानकारी ली है। इधर भानुप्रताप चंद्राकर (अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, कोंटा) और निरीक्षक सोनल गवला (थाना प्रभारी, कोंटा) फिलहाल खतरे से बाहर हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट किया जा रहा है।

### वाहन जलाकर नक्सलियों ने IED प्लांट किया

*बता दें कि सुकमा जिले के कोन्टा-एर्राबोरा मार्ग पर डोंड्रा के पास हुए IED विस्फोट के चपेट में आने के कारण एएसपी आकाश राव गिरपुंजे शहीद हो गए। उप पुलिस अधीक्षक (एसडीओपी) कोंटा भानुप्रताप चंद्राकर, निरीक्षक (कोंटा थाना प्रभारी) सोनल गवला और अन्य जवानों के साथ क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा वाहन जलाने की घटना की जांच करने को गए थे। जांच के दौरान IED विस्फोट हुआ, जिसमें एएसपी, एसडीओपी और टीआई घायल हो गए। सभी घायलों को प्रारंभिक उपचार के लिए कोंटा अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल एएसपी की इलाज के दौरान मौत हो गई।*

# छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री से की मुलाकात

नक्सल ऑपरेशन की उपलब्धियों और बस्तर के विकास की दी जानकारी

*नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में माओवादी विरोधी अभियानों की अब तक की सफलताओं और बस्तर अंचल में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह उपस्थित थे।*



मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की नई रणनीति और केंद्र के सहयोग से नक्सल उन्मूलन अभियान को निर्णायक मोड़ पर पहुंचाया गया है। विगत डेढ़ वर्ष में चलाए गए सघन अभियानों के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। 1,428 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो बीते पांच वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अवगत कराया कि 205 मुठभेड़ों में 427 माओवादी मारे गए, जिनमें संगठन के शीर्ष नेता महासचिव बसवा राजू और सेंट्रल कमेटी सदस्य सुधाकर जैसे कुख्यात माओवादी शामिल हैं।

इसके साथ ही, राज्य में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है, जिससे सुरक्षा नेटवर्क मजबूत हुआ है।

उन्होंने बताया कि इन सुरक्षा कैंपों के आसपास बसे गांवों तक अब बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाएं तेजी से पहुँचाई जा रही हैं। 'नियद नेल्लानार योजना' के अंतर्गत चिन्हित 146 ग्रामों में एकीकृत रूप से 18 प्रकार की सामुदायिक सेवाएं और 25 प्रकार की शासकीय योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों का विश्वास शासन तंत्र में बढ़ा है।

*गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री साय द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से माओवादी गतिविधियों पर निर्णायक नियंत्रण संभव हो रहा है और केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता देती रहेगी।*

संकल्प से सिद्धि अभियान

# सीएम साय ने बताया पीएम मोदी का है छत्तीसगढ़ से गहरा नाता

## प्रदेश पर बना हुआ है उनका आशीर्वाद-मुख्यमंत्री



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से पीएम मोदी का गहरा नाता है. संगठनकर्ता के रूप में उन्होंने प्रदेश का चप्पा-चप्पा छान मारा होगा. आज भी उनका आशीर्वाद छत्तीसगढ़ पर बना हुआ है. पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारे प्रदेश का विकास हुआ है. यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले ''संकल्प से सिद्धि'' अभियान की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कही. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प से सिद्धि तक हमारे देश के पीएम के 11 साल पूरे होने पर हो रहा है. भारत सफलता के साथ उभर रहा है, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है. चाहे जम्मू-कश्मीर का मामला हो, महिला सशक्तिकरण की बात हो. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनहित में कई फैसले लिए लिए हैं. मोदी की गारंटी पर जनता ने भरोसा किया, पीएम का आशीर्वाद मिल रहा है.

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछली सरकार में लोगों का हक छीना गया, गरीबों का आवास नहीं बन पाया था. 13 दिसंबर को सरकार की शपथ और 14 दिसंबर को पहली कैबिनेट की बैठक में पीएम आवास को मंजूरी दिए. सुशासन तिहार के दौरान पता चला कि गांव में राज मिस्त्रियों की कमी हो गई है, क्योंकि इतने ज्यादा पीएम आवास स्वीकृत हो चुके हैं. किसानों से किया गया वादा निभाया जा रहा है. 2 साल का बकाया बोनस भी दिया गया. महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हर महीने उनके खाते में रकम पहुंच रही है. विष्णु देव साय ने कहा कि 5 लाख 60 हजार भूमिहीन कृषकों को 10000 रुपए सालाना दिया जा रहा है. श्री राम लला दर्शन योजना, तीर्थ यात्रा योजना का काम हम लोग कर पा रहे हैं. मैं जनजातीय समाज का हूं, हमारा मान-सम्मान बढ़ा है।

देश के सर्वोच्च स्थान पर राष्ट्रपति आदिवासी हैं, ये सौभाग्य का विषय है. विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग है, इसके लिए पीएम जनमन की शुरुआत प्रधानमंत्री ने की है. सड़क, बिजली, पानी सबकुछ अब पहुंचने लगा है. जनजातीय समाज के लोग भी आज खुश हैं. किसान सम्मान निधि भी दी जा रही है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में पीएम मोदी के आने के पहले इकॉनमी 10 स्थान पर रहा है, पीएम मोदी ने इसे चौथे स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है. पीएम मोदी के कारण ही ऐसा हुआ कि देश में कोरोना की वैक्सीन तैयार किया गया. कई देश में पीएम मोदी को हनुमान जी का दर्जा दिया है. ये 140 करोड़ देशवासियों के लिए गौरव की बात है. भारत किसी को छेड़ता नहीं और कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता नहीं. ऑपरेशन सिंदूर इसका उदाहरण है.

विष्णु देव साय ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ आपरेशन में पीएम मोदी का आशीर्वाद रहा है, जिसके कारण कई बड़े नक्सली लीडर ढेर हो गए हैं.

# विधायक इन्द्र साव की उपस्थिति में कांग्रेस जनों ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन सादगी से मनाया

## राहुल गाँधी के जन्मदिन पर मरीजों को वितरित किया गया फल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी का जन्मदिन स्थानीय कांग्रेस भवन में विधायक इन्द्र साव की उपस्थिति में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा सादगी से मनाया गया। इस दौरान सिविल अस्पताल में फल वितरण किया गया।





इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि युवाओं की आवाज़, वंचितो की उम्मीद और देशवासियों के हक की लड़ाई को मुखरता से लड़ने वाले जननायक नेता प्रतिपक्ष, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी का जन्मदिन सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया । उन्होंने कहा युवाओं के प्रेरणा श्रोत राहुल गांधी की सोंच, देश के प्रति उनका समर्पण, जनता के प्रति प्रेम और कॉंग्रेस पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणाश्रोत है । विधायक इन्द्र साव ने कहा राहुल गांधी आज जिस परिस्थिति में कॉंग्रेस का नेतृत्व कर रहे है वह कोई फौलादी जिगर वाला ही कर सकता है जिसके लिए पुरी मीडिया,एक पी एम, दो सौ केंद्रीय और राज्यो के मंत्री, अठारह मुख्यमंत्री, आर एस एस, ईडी, आईडी, सीबी आई सब पीछे पड़े है फिर भी डटे हुए है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दूरगामी सोच का परिणाम है कि केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कराने जा रही है। इस दौरान कांग्रेस भवन में संविधान न्याययात्रा, शिक्षको का युक्तियुक्त करण, समाजिक न्याय संवाद सहित अन्य स्थानीय मुद्दो को लेकर आगामी रणनीति पर भी चर्चा करते हुए उपस्थित कांग्रेस जनों ने राहुल गांधी के स्वस्थ दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की गई।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा,सुनील माहेश्वरी, आलोक मिश्रा,सुधेराम वर्मा, सुरेन्द्र यदु, अभिनव यदु, गौरी भृगु, दिवाकर मिश्रा, शेखर चक्रधारी, अजय ठाकुर, मुकेश साहू, नितिन शुक्ला, वैभव केशरवानी, मनमोहन कुर्रे, प्रमीला साहू, पूर्णिमा श्रीवास, दानी भाट, निर्मला कोशले, सतरूपा वर्मा,कुमारी



जांगड़े, कृष्णा टंडन, मुंगेशिया, नवीन बक्श,आशीष वर्मा, धनंजय कुमार कुर्रे, मनमोहन ध्रुव, धनेश्वर गुड्डा, राजेन्द्र वर्मा, मोहन निषाद, चैनदास सतनामी, शेषनारायण यदु, हरीश लहरे, ओमप्रकाश यदु, पप्पू यदु, किरत वर्मा, हंसराज बसंत, शचिंद्र शर्मा, सिमगा क्षेत्र से दिनेश साहू, हीरा लाल साहू, अय्यूब बाँठिया, गिरिराज चावड़ा सहित सैकड़ो कॉंग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# अवैध गैस रिफिलिंग कारोबार पर पुलिस की रेड

## दुर्ग में 80 कार्ड और 30 से ज्यादा सिलेंडर जब्त; रिपेयरिंग सेंटर के नाम से थी दुकान

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** दुर्ग में पुलिस ने 80 से ज्यादा गैस रिफिलिंग कार्ड और 30 से ज्यादा सिलेंडर जब्त किए हैं। बस स्टैंड क्षेत्र में लंबे समय से अवैध गैस रिफिलिंग के कारोबार को अंजाम दिया जा रहा था। दुर्ग के व्यस्तम बस स्टैंड क्षेत्र में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग किए जाने की सूचना पर दुर्ग की कोतवाली पुलिस ने रेड मारी।

यहां घरेलू ईंधन के रूप में इस्तेमाल होने वाले सिलेंडर और व्यवसायिक सिलेंडर मौके पर मिले। गैस रिपेयरिंग के नाम पर गैस रिफिलिंग के इस अवैध कारोबार के तहत एलपीजी गैस से चलने वाली गाड़ियों में गैस की रिफिलिंग की जाती थी। वहीं होटल में भी मांग के अनुसार सिलेंडर की सप्लाई की जाती थी, जो पूरी तरह से अवैधानिक था।





### रिपेयरिंग सेंटर के नाम पर अवैध गैस रिफिलिंग

प्रमोद शाह (45) भोले बाबा गैस रिपेयरिंग सेंटर के नाम पर अवैध गैस रिफिलिंग के इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहा था। जिले का मुख्य बस स्टैंड होने की वजह से यहां पर सार्वजनिक स्थल के साथ-साथ अन्य जिले और अन्य प्रदेशों की बसों का आवागमन लगातार बना रहता है और बड़ी संख्या में यहां बसे खड़ी होती है।




### हादसे की आशंका बनी हुई थी

इस वजह से बस के यात्रियों से भरा काफी भीड़ भाड़ वाला इलाका है। इस क्षेत्र में संचालित किए जा रहे गैस रिफिलिंग के इस अवैध कारोबार के संचालन से किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी। डीएसपी हेम प्रकाश नायक ने कहा कि यहां घरेलू होम डिलीवरी के सिलेंडर से छोटे सिलेंडर रिफिलिंग किया जा रहे थे, जिस पर आवश्यक धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## राधा कृष्ण जमात मंदिर में गुंजे भक्ति के स्वर, सैकड़ों श्रद्धालु हुए सम्मिलित

# मातायें धर्म की धुरी हैं - महंत बसंत बिहारीदास

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

***थानखम्हरिया।** नगर में आयोजित होने वाले धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों में मातृ शक्तियों की सहभागिता बढ़ाने तथा दायित्व सौंपने के दृष्टिकोण से 9 जून को नगर के जमात मंदिर में माँ दंतेश्वरी महिला मानस मंडली एवं स्व सहायता समूहों की संयुक्त बैठक आयोजित की गयी जिसमें विस्तृत चर्चा की गयी।*

बैठक पश्चात् भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महंत बसंतबिहारीदास, पं. रामबिलास शर्मा, प्रमोद सिंघानिया एवं अनिल सिंघानिया द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ किया गया। 14 जून को आयोजित एक दिवसीय श्रीराम ध्वज यात्रा, सावन मास में 14 से 22 जुलाई तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समाज के समस्त वर्गों की सहभागिता पर बल दिया गया। इस अवसर पर महंत जी ने कहा मातायें ही धर्म की धुरी हैं वे ही समाज में आध्यात्मिक उन्नति की प्रेरक हैं। सभी धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती हैं। मातृ शक्तियों के तप, आराधना, पूजा से ही पुरूषों पर सदा रक्षा का आवरण रहता है। रामबिलाश शर्मा ने कहा कि कुछ माह पूर्व हुये यज्ञ में माताओं ने महती भूमिका निभायी इसके लिये उन्होंने साधुवाद ज्ञापित किया।





**मातायें सभी धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती हैं**

इस अवसर पर गोदावरी मिश्रा, रेखा शर्मा, मीना नामदेव, अन्नपूर्णा वैष्णव, संतोषी कुंभकार, द्रोपदी सिन्हा, आशा सोनी सहित काफी संख्या में महिलायें उपस्थित थीं। मानस संघ साजा के अध्यक्ष भारत साहू, होरीलाल पाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, गोविंद सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, आनंद जोशी एवं दीपक बंसल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, धार्मिक जागरूकता एवं सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना रहा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com